भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3525
22.03.2023 को उत्तर देने के लिए

उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण

3525. श्री दुष्यंत सिंह:
डॉ. थोल तिरुमालवलवन:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) में कारखानों/इकाइयों की सूची पुरानी हो चुकी है और इसलिए राष्ट्रीय समुच्चय और सूचकांकों की गणना प्रभावित हो रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस डाटाबेस के नवीकरण/अद्यतन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) क्या सरकार का फर्मों की जन्म और मृत्यु को दर्शाने वाला एक व्यापक, गतिशील व्यापार रजिस्टर शुरू करने का विचार है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ङ) क्या सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि, संरचना और ढांचे में कोई परिवर्तन पाया है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) और (ख): एएसआई का ढांचा, पंजीकरण प्राधिकारियों अर्थात कारखाना अधिनियम 1948 के तहत पंजीकृत कारखानों की सूची के लिए राज्यों के मुख्य कारखाना निरीक्षक (सीआईएफ) और बीड़ी और सिगार श्रमिक (रोजगार की शर्तें) अधिनियम 1966 के तहत पंजीकृत बीड़ी और सिगार निर्माण प्रतिष्ठानों के लिए राज्यों के श्रम आयुक्तों के कार्यालय, उन अधिनियमो जिनमें सर्वेक्षण के अंतर्गत आने वाली इकाइयां पंजीकृत हैं, के द्वारा अनुरक्षित इकाइयों की सूची पर आधारित है। इन पंजीकरण प्राधिकरणों के परामर्श से एनएसएसओ के फील्ड ऑपरेशंस डिवीजन (एफओडी) द्वारा इकाइयों के चयन से पहले हर साल फ्रेम तैयार, संशोधित और अद्यतित किया जाता है। फ्रेम के अद्यतन के समय, अपंजीकृत कारखानों के नाम एएसआई फ्रेम से हटा दिए जाते हैं और नए पंजीकृत कारखानों के नाम जोड़ दिए जाते हैं।

(ग) और (घ): 7वीं आर्थिक जनगणना (ईसी) की अनुवर्ती गतिविधि के रूप में सांख्यिकीय व्यापार रजिस्टर (एसबीआर) के विकास की परिकल्पना की गई है। एसबीआर में वर्तमान परिचालन स्थिति सहित विभिन्न आर्थिक मापदंडों की जानकारी शामिल है।

(ङ) और (च): पिछले तीन वर्षों अर्थात एएसआई 2017-18, एएसआई 2018-19 और एएसआई 2019-20 के लिए अखिल भारतीय स्तर पर संचालन में कारखानों की अनुमानित संख्या, स्थायी पूंजी, कार्यरत कुल व्यक्ति, कुल उत्पादन और सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) का विवरण, वृद्धि की दर सहित अनुबंध-I में दिया गया है।

****

अनुबंध-I

दिनांक 22.03.2023 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3525 के भाग (ड़) और (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण:

विवरण	एएसआई 2017-18	एएसआई 2018-19	एएसआई 2019-20	बढ़त (%)	
				2017-18 की तुलना में 2018-19	2018-19 की तुलना में 2019-20
प्रचालनरत कारखानों की अनुमानित संख्या	195584	197145	198628	0.80	0.75
अनुमानित स्थायी पूंजी (रूपये लाख में)	32,85,88,927	34,66,06,975	36,41,35,165	5.48	5.06
अनुमानित कुल नियोजित व्यक्ति (संख्या)	1,56,14,619	1,62,80,211	1,66,24,291	4.26	2.11
अनुमानित कुल उत्पादन (रूपये लाख में)	80,72,17,258	92,81,79,908	89,83,30,129	14.99	-3.22
अनुमानित सकल मूल्य वर्धन (रुपये लाख में)	14,66,97,043	15,38,01,928	14,85,74,512	4.84	-3.40